
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 15.08.2022 से 20.08.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरूग्राम में आइकिया प्रोजेक्ट का शुभारंभ

(दिनांक 16.08.22)



**विषयः गुरूग्राम में आइकिया प्रोजेक्ट का शुभारंभ।**

**क्रमांकः** मुख्यमंत्री जी ने मंगलवार को गुरूग्राम में स्वीडन के इंग्का सेंटर्स के उत्तर भारत में पहले आइकिया 'मिक्सड यूज कॉमर्शियल प्रोजेक्ट' का भूमि पूजन कर इसके निर्माण का शुभारंभ किया। लगभग 3500 करोड़ रूपए के निवेश से बनने वाले मिश्रित उपयोग वाले इस आइकिया प्रोजेक्ट का निर्माण गुरूग्राम के सेक्टर 47 में होगा। स्वीडन के भारत में राजदूत श्री क्लास मोलिन भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा को कर्म की भूमि, संभावनाओं और समृद्धि की भूमि बताते हुए यहां पर इंग्का सेंटर्स और आइकिया प्रोजेक्ट का हरियाणा में आने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उत्तर भारत तथा इस क्षेत्र के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विश्व स्तरीय रिटेल एवं लेजर गणतव्य होगा। इससे निवेश के साथ–साथ रोजगार और व्यापार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में



'ईज ऑफ डूईंग बिजनेस' को संभव बनाने के लिए कई प्रभावी कदम उठा चुकी है और यह प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के लिए हमारी विकास योजनाओं का एक और प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व में नई तकनीक और डिजिटल इंटरफेस एक ऐसी दुनिया का निर्माण कर रहे हैं जो नए अवसरों और चुनौतियों दोनों को खोल रही है। नई प्रक्रियाएं और नए उत्पाद आर्थिक विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। लोग और मानवीय मूल्य हमेशा विकास और प्रगति के केंद्र में होते हैं इसलिए हमें भी आपसी जुड़ाव की सोच के साथ काम करने की जरूरत है जिसके लोगों और अर्थव्यवस्था पर दूरगामी परिणाम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की आपसी सहभागिता का प्रभाव विश्व में दिखाई देगा। जो देश या प्रदेश इन परिस्थितियों का लाभ उठाएगा वहीं प्रगति की राह पर आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक उत्पादन, डिजाईन और मेन्युफक्चरिंग में मूलभूत परिवर्तन हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफार्म, ऑटोमेशन और डाटा फ्लो ने दुनिया में भौगोलिक दूरियों के महत्व को घटा दिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश में इन्नोवेशन तथा पारम्परिक उत्पादन हमारे युवा के लिए रोजगार का बड़ा स्त्रोत रहेगे। दूसरी तरफ हमारी मानव संसाधन को भी अपने स्किल को बढाकर जीवन में बदलाव लाने की जरूरत है। इसीलिए कौशल विकास और शिक्षा की नीतियों में तेजी से बदलाव लाना होगा। इसके लिए विद्यालय और विश्व विद्यालय का पाठ्यक्रम इस प्रकार से डिजाईन किए जाएं कि वह युवाओं का भविश्य बनाने मे कारगार हो।

मुख्यमंत्री जी ने राज्य सरकार की निवेशक हितेशी नीतियों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकार व्यवस्था में 'एक्ट' अर्थात् अकांटेब्लिटी, कम्युनिकेशन और ट्रांसपेरेंसी में विश्वास रखती है। उन्होंने बताया कि इन उद्देष्यों को पाने के लिए प्रभावी और सतत संवाद, जल्द निर्णय लेने के लिए मंथन और वर्तमान

व्यवस्था में डिजिटल सिस्टम स्थापित करके पारदर्शी प्रणाली विकसित की गई है। हमारी सोच समाज में अंतिम व्यक्ति का विकास करना है।

आइकिया इंडिया की सीईओ सुसान पल्वरर ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में इंग्का सेंटर्स यहां पर बेहतरीन रिटेल, वर्कस्पेस और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए स्पेस होंगे। प्रोजेक्ट से लगभग 2500 नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है।

## ई–गवर्नेंस के तहत पटवारियों व कानूनगो को टैबलेट वितरण

(दिनांक 16.08.22)



**विषय: ई–गवर्नेंस के तहत पटवारियों व कानूनगो को टैबलेट वितरण।**

**क्रमांक:** मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम में पटवारियों व कानूनगो को ई–गवर्नेंस के तहत 67 टेबलेट वितरित किए। यह कार्यक्रम गुरूग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित किया गया था। इस दौरान उन्होंने पटवारियों को सावधानी व ठीक तरीके से काम करने की सलाह दी और कहा कि यदि ठीक से काम नही करोगे तो कंप्यूटर का जो जाल बिछा

# साप्ताहिक सूचना पत्र




है उसमें गलतियां पकड़ी जाएंगी। अगर आप से ठीक काम करते हुए अनजाने में गलती हो जाती है तो उपायुक्त आपके पीछे खड़े हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समय के साथ साथ तकनीक में भी क्रान्तिकारी बदलाव हुए हैं, ऐसे में पटवारियों को टैबलेट मिलने से काम पहले की अपेक्षा समय पर होने के साथ साथ गलतियों की संभावना भी कम होंगी और रिकॉर्ड का रख–रखाव भी ठीक प्रकार से हो सकेगा। अब पटवारी कोई भी गलती करेगा तो उसकी गलती टैबलेट के सॉफटवेयर के माध्यम से पकड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पटवारी का काम बहुत जिम्मेदारी का होता है और यदि एक बार कोई भी डेटा रिकॉर्ड में गलत चढ़ जाए तो उससे लिटिगेशन शुरू हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी पढ़े–लिखे हैं और इन टैबलेट का इस्तेमाल आसानी से सीख सकते हैं।

## पटौदी नगर पालिका तथा हेलीमंडी नगर पालिका को मिलाकर नगर परिषद, पटौदी मंडी बनाने की घोषणा

(दिनांक 16.08.22)

**विषय: पटौदी नगर पालिका तथा हेलीमंडी नगर पालिका को मिलाकर नगर परिषद, पटौदी मंडी बनाने की घोषणा।**

**क्रमांक:** आजादी के 75 वर्ष बाद गुलामी के प्रतीक 'हैली' शब्द से मुक्ति मिलने पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता तथा पटौदी क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री जी का आभार जताया। पटौदी विधानसभा क्षेत्र के लोग मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करने गुरूग्राम के लोक निर्माण विश्राम गृह

पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री जी को पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

हरियाणा सरकार ने पटौदी नगर पालिका तथा हेलीमंडी नगर पालिका (राजस्व संपदा जाटौली) तथा आसपास के 10 गांवों को मिलाकर नगर परिषद, पटौदी –मंडी बनाने की घोषणा की है और इसका नामकरण पटौदी मंडी नगर परिषद् कर दिया है। लोगों का कहना था कि हेली एक अंग्रेज गवर्नर था। उसके नाम से नगर का नाम उचित नहीं है। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार गांव नरहेड़ा, जनौला, रामपुर, छावन, मिल्कपुर, मिर्जापुर, मुबारकपुर, देवलावास, हेड़ाहेडी तथा खानपुर इस नए नगर परिषद, पटौदी–मंडी का हिस्सा होंगे।

## राष्ट्रमंडल खेलों के खिलाडियों का सम्मान समारोह

(दिनांक 16.08.22)




**विषय: राष्ट्रमंडल खेलों के खिलाडियों का सम्मान समारोह।**

**क्रमांक:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के खिलाडियों को 'पदक लाओ पदक बढाओ' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए पदक विजेता खिलाडी को अपने जैसे







5 से 10 खिलाडी तैयार करने होंगे। यह तब संभव हो सकता है जब खेल को कैरियर के रूप में लिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत राष्ट्रमंडल खेलों की पदक तालिका में इस बार चौथे स्थान पर आया है। हमारा लक्ष्य इस पदक तालिका में पहले स्थान पर आना है और यह लक्ष्य हरियाणा के खिलाडी जरूर हासिल कर सकते हैं। उन्होंने प्रदेश के खिलाडियों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पांच प्रण को आत्मसात करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल नीति और खिलाडियों की प्रशंसा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने भी की है। हरियाणा देश की खेलों की राजधानी है जिससे बाकि प्रदेश प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने खिलाडियों को नकद इनाम और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता को 1 करोड़ 50 लाख रुपये, रजत पदक विजेता को 75 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेता को 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए। वहीं चौथे स्थान पर आने वाले को 15 लाख रुपये की राशि दी गई। इसके साथ–साथ राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल होने वाले खिलाडियों को साढ़े 7 लाख रुपये की राशि दी गई। बर्मिंघम राष्ट्रमण्डल खेल–2022 में हरियाणा के भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल खिलाडियों सहित कुल 29 खिलाडियों ने पदक जीते हैं। इन्हें प्रदेश की खेल नीति के अनुसार कुल 25 करोड़

# साप्ताहिक सूचना पत्र

80 लाख रुपये की नकद ईनाम राशि दी गई। साथ ही खिलाडियों को नौकरी का नियुक्ति पत्र भी दिया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पूरे देश में हरियाणा के खिलाडियों की चर्चा हो रही है। साथ ही सरकार द्वारा स्कूल के स्तर से लेकर ओलंपिक की तैयारियों तक दिये जा रहे प्रोत्साहन और सुविधाओं की भी सराहना हो रही है। खिलाडियों की उपलब्धियों से समूचे प्रदेश में उत्सव जैसा वातावरण है। खिलाडियों ने अपने खेल प्रदर्शन से हरियाणा प्रदेश का ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। राष्ट्रमण्डल खेलों में पदक जीतना एक कीर्तिमान तो है ही, इन विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना ही अपने आप में एक महान उपलब्धि है। इस बार के राष्ट्रमण्डल खेलों में भाग लेने वाले देश के 215 खिलाडियों में से 42 युवा हरियाणा के हैं। हमारे खिलाडियों ने देश के 61 में से 20 पदक जीते हैं। इनमें से 17 पदक व्यक्तिगत स्पर्धा में और 3 पदक टीम इवेंट में हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में हमारी बेटियां सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रतिभाओं को तराशने के लिए अनेक सुविधाएं और प्रोत्साहन दिए हैं। इससे राज्य में एक नई खेल संस्कृति का जन्म हुआ। खेलों से हरियाणा के युवाओं के लिए एक नई राह खुली है, जिससे हर खेल में खिलाडियों का भविष्य सुनहरा दिख रहा है। प्रदेश सरकार ने खिलाडियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिष्चित करने हेतु 'हरियाणा प्रतिभाशाली खिलाड़ी नियम–2018' बनाये हैं। उनके लिए खेल विभाग में 550 नए पद सृजित किए हैं। इसके अलावा, 156 खिलाडियों को सरकारी नौकरी दी गई है। खिलाडियों के लिए क्लास वन से क्लास फोर तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अर्जुन, दोणाचार्य और ध्यानचंद पुरस्कार जीतने वाले खिलाडियों का मानदेय 5,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार विजेताओं को 20 हजार रुपये पतिमाह और भीम पुरस्कार विजेताओं को 5,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय देने की शुरुआत की है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति को विकसित करने के लिए ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक खेलों के लिए बेहतरीन खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। बीते 8 वर्षों में प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर

के विकास पर हमने लगभग 526 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। बच्चों में खेल संस्कृति विकसित करने के उद्देष्य से प्रदेश में 1100 खेल नर्सरियां खोली जा रही हैं। इससे राज्य के लगभग 25000 नवोदित खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। इन नर्सरियों में प्रशिक्षण लेने वाले 8 से 14 वर्ष तक के खिलाडियों को 1500 रुपये प्रतिमाह तथा 15 से 19 वर्ष तक के खिलाडियों को 2000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। राज्य सरकार खिलाडियों को बचपन से ही तराशने की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सोनीपत के राई में खेल यूनिवर्सिटी को विकसित करने का कार्य जारी है।

# उद्घाटन से पहले ही खुलवाया फोरलेन फ्लाईओवर

(दिनांक 17.08.22)



**विषय: उद्घाटन से पहले ही खुलवाया फोरलेन फ्लाईओवर।**

**क्रमांक:** मुख्यमंत्री जी ने मंगलवार को गुरुग्राम के अतुल कटारिया चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुरानी दिल्ली रोड पर बनाए गए 731 मीटर लंबे फोरलेन फ्लाईओवर व उसके साथ के सर्विस रोड को भी खुलवा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

दिया है। हालांकि इनका विधिवत उद्घाटन बाद में किया जाएगा लेकिन मुख्यमंत्री जी ने आम लोगों की सहूलियत के लिए इसे पहले ही खुलवा दिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पुरानी दिल्ली रोड पर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां प्रतिदिन काफी संख्या में वाहनों का आगमन होता है। ऐसे में लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने फ्लाइओवर का निर्माण करवाया है, जिसे अब जनता के लिए खोल दिया गया है। इससे कापसहेड़ा बॉर्डर के जरिए दिल्ली से गुरुग्राम के बीच कनेक्टिविटी में सुधार सम्भव हुआ है। इसके अलावा सर्विस रोड भी अब सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिए गए हैं ताकि फ्लाईओवर और सर्विस रोड दोनों से यातायात की भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इस दौरे के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री जी ने शीतला माता मंदिर से महाराणा प्रताप चौक मार्ग पर बन रहे 1.094 किलोमीटर लम्बाई के फोरलेन अंडरपास पर चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने 2 अक्टूबर तक अंडरपास के बचे हुए सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 17.08.22)



**विषय: हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक।**

क्रमांक: मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आज यहाँ उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभाग उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली 1000 करोड रुपये से अधिक के सामान और

वस्तुओं की खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा बीज विकास निगम, हरियाणा राज्य भंडारण निगम, हरियाणा एग्रो इंडस्टरीज कॉरपोरेशन, पुलिस, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, एचवीपीएनएल, डीएचवीबीएन, यूएचबीवीएन और ट्रेजरी विभाग सहित 10 विभागों के कुल 18 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से 16 एजेंडे को मंजूरी दी गई।

## फरीदाबाद में मां अमृता आनंदमयी अस्पताल का निर्माण

(दिनांक 17.08.22)



**विषय: फरीदाबाद में मां अमृता आनंदमयी अस्पताल का निर्माण।**

**क्रमांक:** मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फरीदाबाद में मां अमृता आनंदमयी द्वारा स्थापित किया गया 2400 बिस्तर का अस्पताल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल है। यह अस्पताल आने वाले समय में देश की बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए मां अमृता आनंदमयी को प्रदेश की जनता की तरफ से साधुवाद हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आने वाले समय में अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ेगी। ऐसे में यहां सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की ज्यादा जरूरत पड़ेगी। ग्रेटर फरीदाबाद सहित अमृता अस्पताल के लिए बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल मानवता की दिशा में बड़ा कदम है और उन्हें जिस भी मदद की जरूरत

# साप्ताहिक सूचना पत्र

होगी प्रदेश सरकार हमेशा उसके लिए तैयार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिटी बस सर्विस की सेवाओं को भी अस्पताल तक पहले से ही विस्तार दे दिया गया है। इसके अलावा एफएमडीए द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद में एक अलग से बस डिपो भी स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

इस दौरान मां अमृता आनंदमयी जी ने मुख्यमंत्री जी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका सपना है कि कोई भी व्यक्ति अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ उन्होंने केरल राज्य के कोच्चि के बाद हरियाणा राज्य के फरीदाबाद में यह दूसरा अस्पताल स्थापित किया है। मां अमृता आनंदमयी जी ने कहा



कि वह स्वयं तो केरल में रहती हैं और यहां अस्पताल आप सभी लोगों को ही संभलना है। उन्होंने मदद के लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद भी किया। इस पर मुख्यमंत्री जी ने मां अमृता आनंदमयी जी का आभार जताया कि हरियाणा सरकार मानवता के इस बेहतरीन कार्य में हमेशा साथ खड़ी है।

## हथनीकुंड डैम की समीक्षा बैठक

(दिनांक 18.08.22)

**विषय: हथनीकुंड डैम की समीक्षा बैठक।**

**क्रमांक:** मुख्यमंत्री जी ने गुरुवार को हथनीकुंड डैम की प्राथमिक रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। उन्होंने सर्वप्रथम डैम से संबंधित समीक्षा बैठक ली, इसके पश्चात हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग



# साप्ताहिक सूचना पत्र

द्वारा तैयार की गई प्राथमिक रिपोर्ट को केंद्रीय जल आयोग के समक्ष भेजने की मंजूरी दी। जल आयोग के अतिरिक्त यह रिपोर्ट पांच राज्यों में भी भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हथनीकुंड डैम हरियाणा सरकार का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण में यह रिपोर्ट बेहद अहम है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पानी धरती का एक अमूल्य तत्व है। हर वर्श बारिश के दिनों में पानी बर्बाद होता है और यमुना नदी के क्षेत्र में बाढ़ आती है। इसी के चलते हरियाणा सरकार ने हथनीकुंड में डैम बनाने का निर्णय लिया है। इस डैम का कैचमेंट एरिया लगभग 11170 स्कवेयर किलोमीटर होगा। डैम हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में बनाया जाना है। इसके बनने से हरियाणा को न केवल बिजली मिलेगी बल्कि पानी की आपूर्ति भी होगी। हथिनीकुंड डैम की वार्शिक बिजली उत्पादन क्षमता 763 एमयू होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करना आवष्यक है। इसी कड़ी में प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट को अब केंद्रीय जल आयोग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली को भेजा जाना है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हथनीकुंड डैम के बनने से आसपास के क्षेत्र में ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग होगी और इससे किसानों को लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त यमुना नदी के क्षेत्र में हर वर्ष बारिश के दिनों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे किसानों की फसलें खराब हो जाती है। डैम के बनने से बाढ़ की समस्या से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डैम के बनने का फायदा रेणुका, किसाऊ और लखवार तीनों डैम को मिलेगा। इन तीनों डैम का बैलेंसिंग रिजरवायर फंक्शन हथनीकुंड डैम को ही बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डैम बिजली और पानी की आपूर्ति तो करेगा ही लेकिन इसे पर्यटन का केंद्र भी बनाया जाएगा। कोई भी डैम पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होता है। यह डैम जिस क्षेत्र में बनने वाला है, वह बेहद हराभरा और प्रकृति के करीब है। इसे पर्यटकों की दृश्टि से भी विकसित किया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## लम्पी स्किन बीमारी को लेकर बैठक

(दिनांक 19.08.22)



**विषय: लम्पी स्किन बीमारी को लेकर बैठक।**

**क्रमांक:** मुख्यमंत्री जी ने लम्पी स्किन बीमारी को लेकर खुद कमान संभाल ली है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री जी ने मुख्य सचिव और पशुपालन विभाग के आला अधिकारियों को साथ बैठक लेकर मिशन मोड में काम करने का आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोरोना महामारी की तरह इस बीमारी की रोकथाम के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना है। उन्होंने मुख्य सचिव को आदेश दिए कि प्रदेश की जरुरत के मुताबिक इस बीमारी से जुड़ी जितनी वैक्शीन उपलब्ध है उसे तत्काल खरीदा जाए और प्रदेशभर के पशुओं का वैक्शीनेशन किया जाए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने लम्पी स्किन बीमारी को लेकर मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल को हर दिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव तत्काल सभी जिला उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, पशुपालन विभाग के सभी अधिकारियों की बैठक लें। मुख्यमंत्री जी ने पशुपालन विभाग को रणनीति के तहत काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की तरह हमें इस बीमारी से लड़ने के लिए मिशन मोड में काम करना है। बाजार में जितनी वैक्शीन उपलब्ध है, उसे तत्काल खरीदा जाए।

मुख्यमंत्री जी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लम्पी स्किन बीमारी से जुड़ा वैक्शीनेशन तेजी

से किया जाए। अभी तक जितनी डोज मुहैया हुई हैं, उन्हें तत्काल लगवाया जाए। उन्होंने कहा कि वैक्शीन के संबंध में वे खुद केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री से बात करेंगे और जल्द से जल्द वैक्शीन मुहैया करवाने की गुजारिश करेंगे। मुख्यमंत्री जी ने पशुपालन विभाग को दिन–रात एक करके इस बीमारी के वैक्शीनेशन में जुटने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने पशुपालन विभाग को माइक्रो लेवल पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित पशुओं का डाटा हर रोज अपडेट होना चाहिए। इसके अलावा जिन पशुओं की मौत हो रही है, उसका आंकड़ा भी तत्काल अपडेट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गऊशालाओं में भी नजर रखी जाए, जो पशु इससे प्रभावित हैं, उन्हे गऊशाला के दूसरे पशुओं से अलग किया जाए। इसमें यदि कोई समस्या है तो जिला उपायुक्त से तत्काल मदद ली जाए।

## महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा का दीक्षांत समारोह

(दिनांक 20.08.22)



**विषय: महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा का दीक्षांत समारोह।**

**क्रमांक:** मुख्यमंत्री जी ने आज महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में आयोजित द्वितीय दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज परिसर में अस्पताल के नवनिर्मित ब्लॉक–डी का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री जी ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में नागरिकों को

# साप्ताहिक सूचना पत्र




बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 81.5 करोड़ रुपये की धनराशि देने की घोषणा की है। इस मेडिकल कॉलेज में विभिन्न संकायों के भवन निर्माण हेतू 25 करोड़ रुपये, हॉस्टल निर्माण के लिए 17 करोड़ रुपये, विभिन्न उपकरणों की खरीद हेतू 23 करोड़ रुपये तथा अन्य संसाधनों के लिए 16.5 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा अधिक से अधिक गरीब परिवारों को आयुश्मान भारत योजना का लाभ मुहैया करवाने के लिए बीपीएल परिवार की वार्षिक आमदनी की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये कर दिया है। इसके बाद बीपीएल परिवारों की संख्या 10 लाख से बढकर लगभग 22 लाख हो जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त चिकित्सकों की उपलब्धता को सुनिष्चित करने के लिए हरियाणा के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की प्रक्रिया जारी है। इस समय प्रदेश में 13 मेडिकल कॉलेज है तथा 8 मेडिकल कॉलेज प्रक्रियाधीन है। इस समय प्रदेश में लगभग 13 हजार चिकित्सक हैं, सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या को बढ़ाकर 28 हजार करने का है। इसके लिए हर साल 2650 डॉक्टर्स तैयार किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कॉलेज ने कोविड महामारी के दौरान न केवल आस–पास के जिलों बल्कि पंजाब व राजस्थान के बीमार व्यक्तियों को भी बेहतरीन चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की। इसके लिए सरकार द्वारा अग्रोहा मेडिकल कॉलेज को गुड गवर्नेंस अवॉर्ड भी दिया गया है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, खरकड़ी तथा पशुविज्ञान केंद्र बहल का शिलान्यास

(दिनांक 21.08.22)




**विषय: क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, खरकड़ी तथा पशुविज्ञान केंद्र बहल का शिलान्यास।**

**क्रमांक:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने भिवानी पहुंचकर अनुसंधान केंद्र और पशु विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 76वें स्वतंत्रता दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नया नारा दिया था। प्रधानमंत्री जी के आह्वान के महज 5 दिनों में ही आज हरियाणा ने अनुसंधान के दो नए केंद्रों का शिलान्यास कर दिया। मुख्यमंत्री जी ने भिवानी के खरकड़ी में क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र तथा पशुविज्ञान केंद्र बहल का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कृशि प्रधान हरियाणा में कृषि क्षेत्र के लिए आज एक विशेश दिन है। आज हमने परंपरागत खाद्यान्नों की खेती के स्थान पर नए युग की जरूरतों के अनुसार नई तकनीक की नई खेतीके लिए मील के 2 पत्थर स्थापित किए हैं। मुझे विश्वास है कि दोनों विश्वविद्यालयों के ये दोनों क्षेत्रीय केंद्र हमारे कृषि क्षेत्र में अनुसंधान के बल पर अपनी विशेष पहचान



बनाएंगे। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने आज इस क्षेत्र की 224.56 करोड़ रुपये लागत की 16 परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत खरकड़ी का धन्यवाद किया जिसने इस क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के लिए 120 एकड़ जमीन प्रदान की है।

इसमें बागवानी उत्पादन से संबंधित सभी विशयों पर अनुसंधान कार्य किया जाएगा। इसमें देश–विदेशों में उपलब्ध फलों, सब्जियों, औशधीय और सुगंधित पौधों, मसालों आदि की किस्मों का संग्रह किया जाएगा। उनकी उन्नत व संकर किस्मों का विकास किया जाएगा, जो कीटों और रोगों की प्रतिरोधी होंगी। यहां पर किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधे व बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री जी ने लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय पशुपालन में हमारा भरपूर सहयोग कर रहा है। आज इस विश्वविद्यालय के हरियाणा पशु विज्ञानकेंद्र,बहल का भी नींव पत्थर रखा गया है। यह केंद्रपशुपालकों के लिए अत्यंत कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इसकी स्थापना का मुख्य उद्देष्य पशुओं के विभिन्न रोगों के निदान और उपचार की सुविधा प्रदान करना है। इस केंद्र के बनने से स्थानीय लोगों को अपने पशुओं के इलाज के लिए हिसार या महेंद्रगढ़ नहीं जाना पड़ेगा। इस केंद्र के

# साप्ताहिक सूचना पत्र

माध्यम से किसानों के पशुओं कीबीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया जाएगा। इस केंद्र में पशुओं की शल्यचिकित्सा, प्रसूति, डायग्नोस्टिक लैबऔर एक्सरे की सुविधाएं भी होंगी। यह केंद्र भिवानी जिले में मत्स्य पालन को बढ़ाने का काम भी करेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार बागवानीक्षेत्र में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय और पशुपालन क्षेत्र में लालालाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय को चौधरी चरण सिंह हरियाणकृशि विश्वविद्यालय के समान विश्व पटल पर लाने के लिए कृतसंकल्प हैं। इसीलिए इनकेपंख क्षेत्रीय केंद्रों के रूप मे राज्यभर में फैलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी कृशि नीति में बदलाव करना वक्त की जरूरत है। हम ऐसा बदलाव कर रहे हैं, जिससे लागत कम हो, पानी की कम जरूरत पड़े, पर्यावरण की सुरक्षा हो, उत्तम कोटि के उत्पाद मिलेंऔर किसानों व कृशि क्षेत्र पर निर्भर सब लोगों को अच्छी आय प्राप्त हो। आज जिन 2 क्षेत्रीय केंद्रों का शिलान्यास किया गया है। ये हमारे इस लक्ष्य की प्राप्ति में अत्यंत मददगार साबित होंगे।




मुख्यमंत्री जी ने कई स्थानीय मांगों पर भी अपनी स्वीकृति दी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी की 14 सड़कों केलिए कुल 26 करोड़ रुपए मंजूर किए। वहीं मार्केटिंग बोर्ड की नई 32 सड़कें और रिपेयर होने वाली सड़कों के लिए 20 करोड़ रुपए दिए। मुख्यमंत्री ने जिम, सामुदायिक भवन, पीएचसी और सीएचसी की मांग पर लोगोंको आश्वस्त किया कि इसे लेकर विभाग को कह दिया है, जैसे ही फिजिबलिटी रिपोर्ट आएगी इस पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग से संबंधित मांगों को पूरा करने का आश्वसन दिया। मुख्यमंत्री जी ने इस दौरान घोशणा की कि सिंघानी शहीदों का गांव हैं, उस गांव में जगह उपलब्ध होने पर शहीदी स्मारक बनाया जाएगा।